माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

विषय – कला शिक्षा

विषय कोड–83

कक्षा– 10

संस्था प्रधान कोविड–19 परिप्रेक्ष्य में सुविधा तथा उपलब्ध संसाधनों के अनुसार अधिगम कार्यों में परीक्षा–2021 के लिए पाठ्यक्रम अपने स्तर पर कटौती करें।

मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। इस विषय के प्राप्तांकों को ग्रेड में परिवर्तित कर बोर्ड को प्रेषित करेंगे। विद्यालयों द्वारा प्रेषित ग्रेड को अंकतालिका में दर्शाया जायेगा। अंक योजना निम्नानुसार रहेगी।

इस विषय के पाठ्यक्रम को दो भागों में विभक्त किया गया है।

(क) चित्रकला (ख) संगीत एवं नाट्य

अधिगम क्षेत्र	अंकभार
कक्षान्तर्गत अधिगम कार्य	
(i) सैद्धांतिक (चित्रकला तथा संगीत एवं नाट्य)	35
(ii) प्रायोगिक (चित्रकला तथा संगीत एवं नाट्य)	45
(iii) प्रस्तुति कार्य (चित्रकला तथा संगीत एवं नाट्य)	20

समय : 3.15 घन्टे **पूर्णांक 100**

खण्ड–क : चित्रकला (माह में दो कालांश)	**50**
1. सैद्धान्तिक पक्ष	**15**
(अ) संयोजन के सिद्धांत : सहयोग, सामंजस्य, संतुलन, प्रभाविता, प्रवाह प्रमाण का सामान्य ज्ञान एवं अंकन, अर्नुअंकन।	05
(ब) विभिन्न कला शैलियों का वर्गीकरण : जनजातीय कला, लोक कला, बाल कला, शास्त्रीय कला, आधुनिक कला	05
(स) राजस्थान की चित्रकला : राजस्थान की परम्परागत चित्रकला एवं आधुनिक समकालीन चित्रकला का अध्ययन।	05
2. प्रायोगिक पक्ष	**25**
(अ) आलंकारिक संयोजन : प्राकृतिक फूल पत्तों, पशु पक्षियों, मानवाकृतियों अथवा विभिन्न ज्यामितीय आकारों का अलंकारिक संयोजन 1/4 इम्पीरियल शीट पर जलरंग अथवा टेम्परा द्वारा पूर्ण करें।	10
(ब) राजस्थानी शैली के चित्रों की अनुकृति 1/4 शीट पर जलरंग अथवा टेम्परा द्वारा पूर्ण करें।	10
(स) पेंसिल स्केच– प्राकृतिक एवं मानव निर्मित वस्तुओं व मानवाकृतियों का सरल रेखांकन।	05
3. प्रस्तुति कार्य (सबमिशन वर्क)	**10**
(i) प्रायोगिक पक्ष (अ) के सत्र दौरान बनाये गये 4 कार्य।	03